himadri 1/1
DOON LIBRARY
& Research Centre
October - December 2008

## From the Director



I do not think I can adequately convey the feeling of overwhelming pleasure which the publication of the first issue of our newsletter has given all of us at the Doon Library & Research Centre. Our happiness and satisfaction, and dare I say more than a small dose of pride, is akin to what is experienced by all new parents. Our whole family has been rejoicing at the birth of this new child that we have collectively named HIMADRI. The name has been chosen to convey our organic roots in, and spiritual affinity with, the mighty mountain range that stands as the guardian of our land. In fact, there is quite a paradox here. Though we claim this newsletter, HIMADRI, as our progeny, we are actually the children of this mighty mountain. Like all children we tend to take it for granted but the great mountain, like a loving parent, does not forsake us. It is always there, right in front of us. All we have to do is look up and we cannot miss its presence.

Through this newsletter, which we hope to publish quarterly, we wish to establish a dialogue with the members of the library and indeed with all well-wishers. A dialogue, it hardly needs repetition, is a two-way process. The party initiating it certainly has its say, but then it also has to listen, and respond, to the other party. That is what we hope to achieve. We will surely be having our say by bringing news and information about ourselves. At the same time we will not only welcome, but strongly urge, all our readers to tell us what they feel – about us, our work and activities or even about any issue that they feel deserves a wider airing and discussion among the discerning public (which we presume all our readers are). So please do write to us. While we welcome all compliments (and please be generous with your praise; who doesn't like a good dose of flattery!), believe me when I say that we will especially be grateful to you for pointing out our shortcomings. But please don't stop at criticism; follow it up with constructive suggestions for improvement. Let me assure you that we will make sincere efforts to overcome our shortcomings and come up to your expectations.

Our library is now two years old. I hope you will agree with me that it has come a long way in this short time. Forgive me for sharing with you how it all began. It goes to show how some great ideas and institutions have a rather modest beginning. The idea of a library took shape during the course of a conversation that I had with two great litterateurs of Dehradun – Allan Sealy and Arvind Krishna Mehrotra. I happened to mention that one of my ambitions was to build a good library in the field of social sciences and humanities in Dehradun, a highly literate city which lacked a good library. Both of them immediately endorsed the idea and asked me to prepare some sort of a blueprint. With the backing of two great minds I was sufficiently inspired to prepare a concept note based on my ideas on the subject. This I shared with my "co-conspirators", who gave unstinted support to what I had in mind. This was the easy part; the difficult

**Chief Editor** Dr B K Joshi **Editor** Chandrashekhar Tewari **Photographs** Hem Singh Dariyal

part was how to make our idea into a reality. Knowing that a library costs a lot of money and it is not easy to get the requisite amount from philanthropic sources, we decided to tap the Government of Uttarakhand. So the three of us met Mr Ramachandran, who was the Principal Secretary Education, and presented our idea to him. He immediately accepted the concept and asked us to come up with a full proposal. Soon thereafter, Mr Ramachandran became the Chief Secretary of the state, which was really fortuitous for the library. He took personal interest in the project and ensured that the institution came into existence as a registered society in a short period of time and also arranged funding for it in the form of a corpus grant. Unfortunately he could not see the formal establishment of the library as he had to leave Uttarakhand for an assignment with the Government of India. The Doon Library & Research Centre will be eternally grateful to him for his contribution in giving shape to a dream. Dreaming dreams requires little effort. Shaping them into reality is what characterizes a *karmayogi*.

The story does not end here. Our good fortune continued when Mr S. K. Das succeeded Mr Ramachandran as the Chief Secretary. It was during his tenure that the library was formally inaugurated by the then Chief Minister Hon'ble Shri N. D. Tewari on December 8, 2006. His support and guidance to us during the two years that he remained as our Chairman laid the strong foundations on which we stand today. His commitment to the development of the library as a world class institution was total. If today we are proudly crowing about our great achievements, the credit goes to Mr Das. The inauguration of the library was also a very memorable occasion for us. Shri N. D. Tewari, a great lover of books and learning and ever the generous person, exceeded our wildest expectations and enhanced our corpus grant by a handsome amount. This has provided us considerable financial stability.



I am extremely happy to report that we continue to be blessed by good fortune. We now have Mr I. K. Pande as the Chief Secretary, and our Chairman. All along he has been one of our greatest supporters and in his silent, but efficient, way provided sound advice and guidance. Could anyone ask for more?

Though we started out as a social science and humanities library, we soon came to realize that in the absence of a good public library in the city there was a strong unmet demand for quality literature from the general readers. We quickly moved to fill this gap and have stocking been standard literature – fiction as well as non-fiction – in Hindi and English. A special feature of our collection is our focus on the Himalayas from the perspective of social sciences and humanities. We have also been acquiring all the works by writers who have a connection to Uttarakhand. Building this library has been a wonderful and fulfilling experience and we have thoroughly enjoyed being part of this experience.

I also wish to acknowledge the contribution of our wonderful team of colleagues who have been working tirelessly, often sacrificing their holidays, to develop the library to its present status. It is through their efforts that we have been able to create an atmosphere of friendliness and warm welcome towards all readers and visitors. They continue to strive towards making the library as user friendly as possible. Our holdings are now fully computerized and we also have broadband internet connectivity for researchers. Our website is under construction. Do visit us at www.doonlibrary.org and see how it is coming up. Very soon we will upload information about our collection on our website. This will then enable anyone with access to an internet connection to search for books in our library. We will also post information about new additions to the library every month.

I conclude by wishing you a very happy new year. May 2009 see the end of all our recent misfortunes, the beginning of an era of peace, prosperity, amity and fraternity all around and the end of all discord and conflict. May we progress on the path of an inclusive, equitable, just and sustainable social development. May we establish a new harmony with nature and listen to the message of our protector, the Himalaya, which speaks in a myriad voices through its gurgling rivers, its waterfalls, its roaring torrents, its whispering breeze caressing the treetops, its snowstorms, its avalanches, its gentle raindrops, its cloudbursts and the occasional rumble from deep in its bowels which seems to tell us treat me with care or I shall destroy all your creations in which you take such great pride, and with that your ego too.

**B K Joshi**

## Acquisition of books for the library picks up

Ever since it was formally inaugurated on December 8, 2006 the library has been busy building its collection of books. The library had a total of 6425 volumes at the end of December 2008 as compared to 3412 volumes at the end of December 2007. Since April 1, 2008 the number of books acquired every quarter has been as follows:

| | |
|---|---|
| First Quarter (April 1 to June 30) | 418 |
| Second Quarter (July 1 to September 30) | 1150 |
| Third Quarter (October 1 to December 31) | 669 |



The monthly break-up of books acquired during the third quarter shows that the rate of acquisition of books has been steadily rising every month during this period.

| | |
|---|---|
| Books acquired during October 2008 | 140 |
| Books acquired during Nevember 2008 | 196 |
| Books acquired during December 2008 | 333 |



## Research Advisory Committee Meeting



The meeting of the Research Advisory Committee was held at the Ajanta hotel, Dehra Dun on 6th September, 2008. At the meeting satisfaction was expressed at the fact the Doon Library & Research Centre has a collection of some 6000 books and there are about 120 members. The Doon Library & Research Centre has undertaken two research projects namely "Gandhi and Uttarakhand" and "Government Libraries of Uttarakhand". There was a consensus that this institution should become a centre of excellence for research on the Himalayas in general and Uttarakhand in particular. The Himalayas would include countries like Nepal, Tibet and Bhutan and parts of Afghanistan. Research work undertaken by the centre would be from a social science and development perspective. There is going to be an effort to get the project of making a human development report for Uttarakhand.

The flagship activities of the centre would be a national seminar and a lecture by an eminent scholar which are going to be organized every year. The task of preparing district gazetteers was undertaken in the 1880's. On those lines separate monographs can be brought which enumerate the developments which have taken place in the region of Uttarakhand since 1880. Separate monographs would be brought out on the politics, society, economy and art and architecture of Uttarakhand.

**Brainstorming on Higher Education**

The Doon Library & Research Centre organized a brainstorming on higher education in Uttarakhand on November 3, 2008. About a dozen educationists participated. At the meeting there was a consensus that the state of higher education in Uttarakhand was pretty dismal. The main reason for such a state of affairs was the mushroom growth of colleges in the interiors. There are several colleges which hardly have any students. In several colleges there is only a principle with no teachers. Quantity has been given preference over quality. For admission to a college why can not there be a cut-off percentage based on the number of seats available, as is the practice in Delhi colleges instead of admitting all and sundry. Courses should be designed in such a manner which would help the students to get a job.

In the Government colleges fees cannot be raised because such a step has serious political implications. Higher education is subsidizing politics. A college in every development block ensures victory in an election. A student who is hardly paying anything for his college education does not demand or expect anything from his teacher. Such an environment has made even the teachers slack.



By way of solution the first step would be to stop populist measures like opening up colleges in every nook & corner of the state. Students with a low percentage could continue their education through institutions like the Indira Gandhi National Open University. Of late some privately managed professional institutions have come up in Dehra Dun. Students from all over the country attend these institutions. They have a good reputation. Instead of opening new colleges, subsidising the education of good students in these institutions could be a sensible alternative.

In introducing new courses which will enable students to get jobs the principle of public- private partnership should be followed. The number of students to be admitted should be determined by the requirements of the job market. For this purpose there should be co- ordination with the industry. Private participation in the system is going to be possible only when the parties are allowed to make a profit.


The system of higher education has been allowed to deteriorate over a considerable period of time. Strong political vested interests have developed to maintain status-quo. Therefore we have to function as a strong pressure group advocating reforms in the system along the lines suggested above.



**Book Review**

***Priya Joshi: In another country, colonialism, culture and the English novel in India,***

*Oxford University Press, New Delhi, 2003.*




The book under review has opened a new vista in the field of social history of colonial India, namely, the reading of habits of the English educated Indians beginning from the latter half of the 19th century and their fascination for the English novel as a literary genere. In fact the work has tried to analyze the impact which the Victorian novel had in the evolution of this literary form in the Indian languages. The empirical evidence presented has been in the form of the collections of some of the oldest libraries established in the country like the Calcutta Public Library established in 1835, and their membership patterns. An account has also been given of the number of books being imported into the country, since 1850. Catering to the demand for the books in English language some publishers like MacMillan had to set up their establishment in India.



A detailed study of some Victorian novelists like G.W.M. Reynolds and F. Morton Crawford and the impact they had on the India literary scene has been undertaken in this work. Ironically these authors did not attract much attention in Great Britain. The subject matter has been located within the larger frame work of the education policy of the colonial state, the semi-hegemonic nature of the colonial state and the intellectual ferment experienced by the Indian society during the 19th century. There are references to some of the libraries set up by the Indians like the Bagh Bazaar Public Library and the Chaitanya Library established in Calcutta.

There is a chapter on Bankim's evolution as a novelist. His contribution is acknowledged as indigenizing a purely Western literary form. A discovery is made for the benefit of the social scientists by having a chapter on the first Indian women novelist in English, namely, Krupa Satthiandhan, a Christian convert. She wrote two novels, namely, Saguna: A Story of Native Christian Life, published in 1892 and Kamala: A Story of Hindu Life, published in 1894, shortly after her death. Literature in the form of fiction produced in the colonial period was predominantly of a didactic nature. In a particular work one could see the author taking a stand on a social or political issue. These two novels are no exceptions.

However in the last two chapters the book in my opinion loses focus as it talks about the Indian novelists like Mulk Raj Anand, R.K. Narayan, Raja Rao and Ahmed Ali who wrote in the 1930s. The concluding chapter jumps on to 1980 by analyzing Salman Rushdie and those who followed him afterwards. Authors like Manohar Malgaonkar and Anita Desai are ignored. But the book is recommended because of the discoveries it has made. Such a work gives knowledge about the source material and the methodology to be followed for those who wish to work on the history of the library movement in colonial India.

■ **Dr. Manoj Panjani**
Research Associate

# The Stock Market

## A Fable for our Times



Once upon a time in a village, a man appeared and announced to the villagers that he would buy monkeys for Rs 10.

The villagers seeing that there were many monkeys around, went out to the forest and started catching them.

The man bought thousands at Rs 10 and as supply started to diminish, the villagers stopped their effort. He further announced that he would now buy at Rs 20. This renewed the efforts of the villagers and they started catching monkeys again. Soon the supply diminished even further and people started going back to their farms. The offer rate increased to Rs 25 and the supply of monkeys became so little that it was an effort to even see a monkey, let alone catch it!

The man now announced that he would buy monkeys at Rs 50! However, since he had to go to the city on some business, he said that his assistant would now buy on his behalf. In the absence of the man, the assistant told the villagers. “Look at all these monkeys in the big cage that the man has collected. I will sell them to you at Rs 35 and when my master returns from the city, you can sell them to him for Rs 50.”

The villagers squeezed all their savings and bought all the monkeys. Then they never saw the man nor his assistant, only monkeys everywhere!!!

Welcome to the “Stock” Market!!!!!

*Source: An anonymous posting in the internet*

## व्याख्यान



**व्याख्यान** : "ग्लोबल वार्मिंग—कीप इट कूल, डिबेट इज वार्मिंग अप"

**वक्ता** : प्रो०ए०एन०पुरोहित, पूर्व कुलपति हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर।

**स्थान** : होटल रीजेन्ट, ई०सी० रोड, देहरादून।

**दिन** : २० अक्टूबर, २००८


**समय** : अपराह्न ४.००—६.०० बजे



'ग्लोबल वार्मिंग' का मुद्दा आज विश्व भर में सामयिक चर्चा का विषय बना हुआ है। पर्यावरण से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर कई देशों में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय बैठकें हो रही हैं और इस पर निरन्तर अध्ययन का कार्य चल रहा है। प्रो०ए०एन०पुरोहित द्वारा 'ग्लोबल वार्मिंग' के विषय पर दिये गये व्याख्यान में कई नयी जानकारियां सामने आयीं। आंकड़ों तथा रेखाचित्रों के माध्यम से उन्होंने इस ज्वलंत मुद्दे पर गहन प्रकाश डाला।

प्रो० पुरोहित का कहना था कि धरती के तापमान में ऐसा किसी तरह का बदलाव नहीं आ रहा है जिससे हम भयभीत हों। उनका कहना था कि कुछ वैज्ञानिकों व मीडिया वालों द्वारा 'ग्लोबल वार्मिंग' के नाम पर सनसनी फैला कर भविष्य की चिन्ता की जा रही है, जिससे लोगों में भ्रम पैदा हो रहा है। तापमान में आने वाले परिवर्तन को क्लाइमेट चेंज की बजाय क्लाइमेट वेरियेशन कहना अधिक उपयुक्त है। इंटरनेशनल पैनल फॉर क्लाइमेट चेंज(आई०पी०सी०सी०) से जुड़े वैज्ञानिक मुख्यत: कार्बन डाइऑक्साइड को 'ग्लोबल वार्मिंग'का मुख्य कारण मानते हैं। ये वैज्ञानिक कार्बन डाइऑक्साइड के नियंत्रण की बात तो करते हैं परन्तु उन उद्योगों पर नियंत्रण की बात नहीं करते जिनसे वातावरण प्रदूषित होता है। गंगा के उद्गम क्षेत्र गोमुख ग्लेशियर के पिघलने पर दिये जा रहे बयानों के बारे में भी उन्होंने अपनी असहमति व्यक्त की और इसे प्रकृति की सामान्य प्रक्रिया बताया। पहाड़ी भाग में स्थित नैनीताल, मंसूरी जैसे ठण्डे स्थानों में बढ़ रहे तापमान के बारे में उनका कहना था कि संयोग वश ऐसा हो सकता है, परन्तु यह स्थिति स्थायी रूप से नहीं बनी रह सकती है। प्रो० पुरोहित द्वारा 'ग्लोबल वार्मिंग' के विषय पर दिये गये व्याख्यान के दौरान दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र में अध्ययन के लिये आने वाले पुस्तकालय सदस्यों व छात्रों ने उनसे कई सवाल जबाब भी किये।

व्याख्यान के समापन पर दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के निदेशक डॉ०बी०के०जोशी ने प्रो० पुरोहित एवं उपस्थित श्रोताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि व्याख्यान माला की इस पहली श्रृंखला के पश्चात अन्य सम—सामयिक मुद्दों पर भी समय—समय पर चर्चा की जायेगी, जिससे समाज में एक नयी बहस की शुरूआत होगी। व्याख्यान कार्यक्रम में पुस्तकालय के सदस्य, जिज्ञासु पाठक, शिक्षाविद् व छात्र उपस्थित थे।






## दृश्य कला प्रदर्शनी

दून आर्ट सोसायटी द्वारा होटल रीजेन्ट, ई०सी० रोड, देहरादून में ४ से ६ नवम्बर २००८ के मध्य एक दृश्य कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र ने भी भागीदारी की। इस प्रदर्शनी में कलाकारों के छाया चित्रों व उनके द्वारा बनाये गये ऑयल कलर व वाटर कलर के चित्रों को शामिल किया गया। प्रदर्शनी में ऑयल ऑन कैनवास, क्ले—वर्क, सिरैमिक्स व कैनवास पर एक्रिलिक रंगों के चित्रण दर्शकों के लिये आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे।

इस प्रदर्शनी में मोनिका तालुकदार, श्रीस कपूर, आलोक भौमिक, फारूक अहमद, रणजीत कौर खान, निशि चन्द्रा, सीमा निचानी, मीना गर्ग, निकि भगत, अनिल गोस्वामी, रूबि कुमार, कौशिक कुन्डू, डॉ०अंजलि नौरियाल, स्मृतिलाल, मोनिका खण्डूरी, जागृति चोपड़ा, आलोक लाल, अंजलि थापा, आलोक बी लाल, बनी हून व डॉ०शशि झा आदि कलाकारों की कृतियां लगायी गयीं थीं।

इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश के पर्यटन व संस्कृति मंत्री श्री प्रकाश पंत द्वारा किया गया। इस अवसर पर देहरादून नगर के कला प्रेमी व अन्य लोग उपस्थित थे।








## नेशनल बुक ट्रस्ट की पुस्तक प्रदर्शनी

नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया ने अपनी प्रकाशित पुस्तकों की सात दिवसीय प्रदर्शनी दिनांक ११ से १७ नवम्बर २००८ तक दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के परिसर में आयोजित की। देहरादून के पुस्तक प्रेमियों व आम जनता के लिये नेशनल बुक ट्रस्ट की पुस्तकों को अपने शहर में सामान्य मूल्य पर प्राप्त करने का यह सुनहरा अवसर रहा। इस प्रदर्शनी का शुभारम्भ प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, आयुष व आयुष शिक्षा उत्तराखण्ड, श्री केशव देसिराजू द्वारा किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया और दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि देहरादून के स्कूलों को इस प्रदर्शनी की जानकारी देकर बच्चों में पुस्तकों व उनके पठन के प्रति जागरूकता बढ़ायी जानी चाहिये। दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के निदेशक डॉ०बी०के०जोशी ने कहा कि हमारे द्वारा पुस्तकालय को आम आदमी तक पहुंचाने के लिये गंभीरता पूर्वक प्रयास किये जा रहे हैं, यह प्रदर्शनी भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है। उन्होंने निकट भविष्य में देहरादून में नेशनल बुक ट्रस्ट के माध्यम से पुस्तक मेला लगाये जाने और इसके लिये दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र की ओर से हर सम्भव सहयोग देने की बात कही।

इस अवसर पर नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया के उप निदेशक श्री इमरानुल हक ने नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया और उसके द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस प्रदर्शनी में इतिहास, संस्कृति, कहानी, कविता, एकांकी पर्यावरण, जीव–जगत, क्विज, संविधान, पत्रकारिता, दर्शन, विज्ञान, स्वास्थ्य, महापुरूषों व वैज्ञानिकों की जीवनी सहित तमाम अन्य रूचिकर विषयों की लगभग ढाई हजार से अधिक पुस्तकें विक्रय हेतु लायी गयी थीं। नेहरू बाल पुस्तकालय कांसेप्ट के अधीन बच्चों के लिये जानकारीपरक व मनोरंजन पूर्ण विविध साहित्य भी यहां मौजूद था।

पुस्तकों की सात दिवसीय इस प्रदर्शनी का देहरादून शहर की आम जनता, बुद्विजीवियों, पुस्तक प्रेमियों, पत्रकारों, साहित्यकारों व स्कूली बच्चों ने जमकर आनन्द लिया और अपनी मनपसन्द पुस्तकें खरीदीं। नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया के विपणन अधिशासी श्री दिनेश कुमार ने बताया कि इस दौरान लोगों द्वारा तकरीबन ६००० से अधिक पुस्तकें खरीदी गयीं जिससे ट्रस्ट को दो लाख रू० से ज्यादा की आय होने का अनुमान है।




## पुस्तक परिचय

**पुस्तक का नाम** : एशिया की पीठ पर, पंडित नैन सिंह रावत

**पृष्ठ** : कुल ६३६ (तीन खण्डों में)

**सम्पादन** : उमा भट्ट, शेखर पाठक

**प्रकाशक** : पहाड़, परिक्रमा, नैनीताल

**मूल्य** : जन संस्करण— ६००रू०; पुस्तकालय संस्करण— १०००रू०

पहाड़ संस्था विगत तीन दशकों से हिमालयी इतिहास, भाषा, संस्कृति व पर्यावरण पर विविध सामग्रियों का प्रकाशन कर रही है। उन्नीसवीं सदी के विख्यात हिमालयी अन्वेषक पंडित नैन सिंह रावत (१८३०—१८९५) के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधरित पुस्तक *एशिया की पीठ पर, पंडित नैन सिंह रावत* का प्रकाशन भी इस क्रम में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेखकद्वय के अथक परिश्रम व खोज—बीन के परिणाम स्वरूप ही यह संग्रहणीय पुस्तक सामने आ सकी है। कुली, सर्वेयर, अध्यापक, अन्वेषक, प्रारम्भिक विज्ञान लेखक व यात्रा साहित्यकार के रूप में पंडित नैन सिंह के अनोखे व विविधता पूर्ण व्यक्तित्व की जानकारी इस पुस्तक में मिलती है। पुस्तक के प्रथम खण्ड में पंडित नैन सिंह के जीवन व अन्वेषण, दूसरे में लेखन तथा तीसरे में उनके द्वारा किये गये सर्वेक्षण कार्य को दर्शाया गया है। पंडित नैन सिंह द्वारा लिखी डायरी के वृतान्त अत्यंत रोचक हैं। यात्राओं व खोज से सम्बन्धित चित्रों, नक्शों व दस्तावेजों के शामिल होने से पुस्तक और अधिक महत्वपूर्ण हो गयी है। पंडित नैन सिंह रावत के वर्ष २००६ में १७५ साल पूरे हो जाने के अवसर पर पहाड़ संस्था ने इस महत्वपूर्ण पुस्तक का प्रकाशन किया है। आशा की जाती है अध्येताओं व जिज्ञासु पाठकों के लिये यह पुस्तक पठनीय व संग्रहणीय साबित होगी।



### १४ नवम्बर बाल दिवस

## एक दिन बच्चों के साथ

दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र की ओर से बाल दिवस के अवसर पर परेड ग्राउण्ड स्थित राजकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के लिये सुई–धागा दौड़, कुर्सी दौड़ व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जैसे मनोरंजन व ज्ञान आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। सुई–धागा दौड़ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः निशात, शबीना व गुलफ्सां तथा कुर्सी दौड़ में फैजान, रिजवान, व फैजल रहे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः ग्रुप बी (आशिफा व गायत्री), ग्रुप डी (रूबी व सदफ), व ग्रुप ए (नाजमीन व नगमा) की टीम रही। इस अवसर पर बच्चों ने गीत व नृत्य के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। विजयी प्रतिभागियों को केन्द्र के निदेशक डॉ०बी०के०जोशी, सलाहकार श्री राजन बृजनाथ व प्रधानाध्यापिका सुश्री नजमा ने पुरस्कार प्रदान किये। निदेशक द्वारा विद्यालय के पुस्तकालय को ८३ बाल साहित्य की पुस्तकें भी प्रदान की गयीं। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को मिष्ठान भी वितरित किया गया। कार्यक्रम के संचालन में दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र की श्रीमती योगिता थपलियाल, श्रीमती सुमन भारद्वाज व मीनाक्षी कुकरेती ने सहयोग दिया।

# पर्वतों की गूंज

## पाठकों के मध्य मौजूद साहित्यकार और उनकी रचनाएं



दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के तत्वाधान में पेंगुइन बुक्सइण्डिया और यात्रा बुक्स द्वारा २ व ३ मई २००८ को माउण्टेन एकोज (पर्वतों की गूंज) कार्यक्रम आयोजित किया गया। देहरादून में आयोजित यह कार्यक्रम काफी हद तक अपने आप में विशिष्ट रहा। पाठांश वाचन द्वारा हिन्दी साहित्य की पुस्तकों को आम पाठकों तक पहुंचाने की कोशिश तथा रचनाकारों से पाठकों की प्रत्यक्ष बातचीत इस कार्यक्रम की महत्वपूर्ण विशेषता रही। उत्तराखण्ड की पृष्ठभूमि पर रस्किन बॉण्ड, नवतेज सरना, विद्यासागर नौटियाल, इरा पाण्डे, विकि आर्य, जसजीत मानसिंह एवं डॉ० पुष्पेश पन्त की (पेंगुइन बुक्स इण्डिया और यात्रा बुक्स से प्रकाशित) पुस्तकों के बेहतर अंशों का वाचन इस कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में सुपरिचित कथाकार हिमांशु जोशी, सुभाष पंत एवं हरिदत्त भट्ट 'शैलेष' ने हिमालय के सौन्दर्य उसकी पीड़ा और उसके साहित्य पर प्रकाश डाला। रस्किन बॉण्ड के सानिध्य में पेंगुइन बुक्स इण्डिया के मुख्य सम्पादक रवि सिंह और नावेद अकबर ने रस्किन बॉण्ड की कहानी ***अंधेरे में एक चेहरा*** तथा ***मास्टर जी*** का वाचन किया।



रवि सिंह से हुई बातचीत में रस्किन बॉण्ड ने पहाड़ के सौन्दर्य व लेखन से जुड़े अपने अनुभवों को बताते हुए कहा कि लेखनी को उन्होंने जीविको पार्जन का साधन बनाया तो था लेकिन इसके द्वारा पैसा, समाज में शोहरत और रूतबा हासिल करना उनका उद्देश्य कभी नहीं रहा। उनके दौर में लेखन एक तरह से जोखिम भरा कार्य होता था। पाठक और प्रकाशक के बारे में रस्किन बॉण्ड का कहना था कि इनमें अब पहले से काफी बदलाव आ गया है। साहित्य लेखन, पाठकों के रूझान और प्रकाशन व्यवसाय में भी बदलाव आ गया हैं। दून के परिवेश के सन्दर्भ में उनका कहना था कि यहां की घाटियों, हरे भरे पर्वतों, नदियों, पशु पक्षी व मौसम ने उन्हें लिखने के लिए हमेशा प्रेरित किया है।

इसके पश्चात भारतीय विदेश सेवा के नवतेज सरना के अंग्रेजी उपन्यास ***वी वैरनॉट लवर्स लाइक दैट*** के हिन्दी रूपान्तरण ***हम यूं आशना न थे*** का लोकार्पण तत्कालीन मुख्य सचिव उत्तराखण्ड, श्री एस०के० दास ने किया। इस उपन्यास के कुछ बेहतरीन अंशों का वाचन भी किया गया। दिल्ली में रह रहे आफताब नाम के एक व्यक्ति की अनकही प्रेम कथा की दॉस्तान को अद्‌भुत संवेदनशीलता के साथ लेखक ने पाठकों तक पंहुचाने का प्रयास किया है। उपन्यास का दृश्य चित्रण और यादों का ताना–बाना पाठक को लगातार बांधे रखता है। नवतेज सरना का कहना था कि दूनघाटी और उसके आस पास के क्षेत्र में अब पहले की तुलना में बहुत बदलाव आ गया है। हमें इसके मूल स्वरूप को किसी न किसी तरह बरकरार रखने के प्रयत्न करने होंगे।

अगले दिन ३ मई २००८ को साहित्यकार विद्यासागर नौटियाल के आंचलिक उपन्यास ***भीम अकेला*** के चयनित अंशों का वाचन किया गया। एक विधायक की हैसियत से यात्रा कर नौटियाल जी ने टिहरी के दुर्गम इलाकों का यथार्थ चित्रण इस उपन्यास में किया है। भीम से जुड़ी स्थानीय गाथाओं को जिस तरीके से उन्होंने इस उपन्यास में पिरोया है वह अद्‌भुत है। व्यवस्था व विकास के असली चेहरों को सामने लाने का बेजोड़ प्रयास लेखक द्वारा किया गया है। दून स्कूल के हिन्दी विभागाध्यक्ष मो० हम्माद फारूखी से नौटियाल जी ने बातचीत में कहा कि पहाड़ के गांवों से नौजवान पलायन कर मैदानों को जा रहे हैं। तमाम गैर सरकारी संस्थाओं ने पहाड़ों पर साम्राज्य सा स्थापित कर लिया है। ग्रामीण लोगों को प्रलोभन देने वालों की तादात भी बहुत हो गयी है, समाज को ऐसे लोगों से बचाने के प्रयत्न करने होंगे।

इसी सत्र में किस्सागोई के अन्तर्गत स्वतंत्र लेखिका इरा पाण्डे ने अपनी मॉ शिवानी के व्यक्तिगत संस्मरणों पर आधारित पुस्तक ***दिद्‌दी माई मदर्स वॉइस*** के खास अंशों का अंग्रेजी एवं हिन्दी में वाचन किया। डॉ० पुष्पेश पंत ने अल्मोड़ा पर केन्द्रित अपनी आने वाली पुस्तक ***अल्मोड़िये*** के अंशों को पढ़कर सुनाया।

दूसरे सत्र में कवियत्री, चित्रकार और हिन्दी ब्लॉगर विकि आर्य ने अपने सचित्र काव्य संग्रह ***धूप के रंग*** से कुछ प्रमुख कविताओं का पाठ किया। इसके पश्चात ***ऊना: पहाड़ों की बेटी*** पुस्तक से कुछ अंशों का वाचन किया गया। जसजीत मानसिंह ने अपनी बेटी ऊना द्वारा कुमायूं के गांवों में किये गये सामाजिक कार्यों का उल्लेख इस पुस्तक में किया है। ऊना की असमय मौत के बाद लेखिका ने उसके व्यक्तिगत पत्र, डायरी और फाइलों के आधार पर यह पुस्तक लिखी है।

कार्यक्रम के समापन में हिमांशु जोशी, सुभाष पंत और हरिदत्त भट्ट 'शैलेष' ने अपने–अपने विचार रखे। पर्यावरण, पलायन, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य व पानी जैसी मूलभूत जरूरतों का दंश झेल रहे पहाड़ की इस मार्मिक पीड़ा को सशक्त लेखनी के माध्यम से उजागर कर लोगों के सामने लाने की बात इन साहित्यकारों ने कही। प्रख्यात साहित्यकार हिमांशु जोशी का कहना था कि पहाड़ हमेशा से ही संघर्षशील रहा है। हिमालय हमें मनुष्यत्व से देवत्व की ओर ले जाता है यही इसकी विशेषता है। पहाड़ के दिनों दिन बिगड़ते जा रहे पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों पर हो रही लूट खसोट के बारे में इनका कहना था हिमालय को हिमालय ही रहने देना होगा, इसे रेगिस्तान में तब्दील नहीं करना होगा।



आंचलिक कथाकार सुभाष पंत का कहना था कि हम जिस हिमालय की बात करते हैं वह एक पृथक भौगोलिक इकाई ही नहीं अपितु एक सांस्कृतिक इकाई भी है। यहां के हरे भरे पेड़, पर्वत, डांडी–कांठी, नदियां, ताल, खेत खलिहानों में गीत गूंजता है। सुभाष पंत का कहना था कि हिमालय घुमक्कड़ों, दार्शनिकों, साधु सन्यासियों और विशेष रूप से रचनाकारों को हमेशा से ही प्रेरित करता आया है, चाहे वह कालीदास का हिमालय रहा हो अथवा जयशंकर प्रसाद के कामायनी का हिमालय। अपने आंचलिक उपन्यास ***पहाड़ चोर*** के बारे में उनका कहना था कि मैं पहाड़ में ही पैदा हुआ, यहीं पला बढ़ा। पहाड़ की जिन्दगी को मैंने बहुत करीब से देखा है। यहां के दुख दर्द की मुझे गहन अनुभूति है। आज पहाड़ नंगा हो गया है, ग्लेशियर खिसक रहे हैं परन्तु पहाड़ बेबस हैं। इसी बेबसी से प्रेरित होकर मैने ***पहाड़ चोर*** जैसा उपन्यास लिखा जिसमें मैंने समग्र पहाड़ को एक व्यक्ति के रूप में प्रदर्शित करने की कोशिश की है।

साहित्यकार के साथ साथ एक सफल पथारोही और पर्वतारोही डॉ० हरि दत्त भट्ट 'शैलेष' का कहना था कि व्यास व कालिदास जैसे प्राचीन साहित्यकारों ने हिमालय में रहकर जो साहित्य साधना की वह अपने आप में अद्वितीय है। हिमालय की गुरूकुल परम्परा, तीर्थाटन व पर्यटन की महत्ता और उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में यात्रा स्थानीय संस्कृति तथा भूगोल को जानने व समझने के लिए की जाती थी। वर्तमान हिमालय के बिगड़ते स्वरूप पर 'शैलेष' जी का कहना था कि हिमालय में प्रकृति का अपार सौन्दर्य भरा पड़ा है इसकी सुरक्षा होनी चाहिए। पर्वतारोहण में शेरपा लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका पर उन्होंने कहा कि शेरपा लोग बहुत ही दिलेर होते हैं। जरूरत पड़ने पर ये लोग पर्वतारोहियों के लिए अपने प्राणों की बाजी तक लगा देते हैं।

दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के सहयोग से पेंगुइन बुक्स और यात्रा बुक्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में साहित्यकारों और प्रतिभागियों का कहना था कि यह कार्यक्रम कई मायनों में अविस्मरणीय रहेगा। जीवन का यथार्थ दर्शन साहित्य में ही मिलता है। इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों को अच्छा साहित्य पढ़ने की रूचि पैदा होगी। साहित्यकारों ने इस तरह के अवसरों पर किताबें खरीदने की परम्परा को बढ़ावा देने और पहाड़ से जुड़े जीवन्त साहित्य को रचे जाने की बात कही।

समापन अवसर पर दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के निदेशक डॉ०बी०के०जोशी ने उपस्थित रचनाकारों और साहित्य प्रेमियों, पाठकों, पत्रकार, बुद्धिजीवियों तथा पेंगुइन बुक्स इण्डिया और यात्रा बुक्स के प्रतिनिधियों को समारोह में उपस्थित होने के लिए आभार प्रकट किया। देहरादून शहर में साहित्यिक माहौल बनाने के लिए उन्होंने दून पुस्तकालय व शोध केन्द्र की ओर से प्रति वर्ष इस तरह के कार्यक्रम करने की बात भी कही।

**▪ चन्द्रशेखर तिवारी**

पुस्तकालय के पाठकों के विचार

## भारत की विद्यालय शिक्षा प्रणाली

शिक्षा के लिये भारत कभी पूरे विश्व में जगत गुरू के नाम से मशहूर था। अपनी विशेष शिक्षा प्रणाली व गुणवत्ता के कारण यहां देश विदेश से असंख्य विद्यार्थी अध्ययन के लिये आते थे। आज इसी भारत के शिक्षा प्रणाली पर अनेक सवाल उठ रहे हैं। भारत की वर्तमान विद्यालय शिक्षा प्रणाली की नींव ब्रिटिश काल के दौरान पड़ी, परन्तु आजादी के साठ साल बीत जाने के बाद भी हम इसमें कोई विशेष बदलाव नहीं ला सके। यहां "देश एक विद्यालयी शिक्षा प्रणाली अनेक" की बात चरितार्थ होती है। आई०सी०एस०ई०, सी०बी०एस०ई० व स्टेट बोर्ड जैसी शिक्षा प्रणाली ने अनेक विसंगतियां पैदा की है। उपरोक्त शिक्षा प्रणालियों में से प्रथम दो शिक्षा प्रणालियों का संचालन व नीति निर्धारण केन्द्र द्वारा किया जाता है जबकि स्टेट बोर्ड की शिक्षा प्रणाली का संचालन व नीति निर्धारण राज्य द्वारा किया जाता है। इस कारण विभिन्न शिक्षा प्रणालियों द्वारा संचालित विद्यालयों के संरचना व स्वरूप में काफी अन्तर देखने को मिलता है।

वर्तमान दौर में शिक्षा के व्यवसायीकरण ने विद्यालयी शिक्षा प्रणाली के सामने एक और संकट खड़ा कर दिया है। निजी विद्यालयों में अच्छी शिक्षा के लिये विद्यार्थियों को मोटी रकम अदा करनी पड़ती है, इससे केवल उच्च व उच्च — मध्यम वर्ग परिवार के लोग ही अपने बच्चों को शिक्षा दिला पा रहे हैं, जबकि मध्यम व निम्न वर्ग के परिवारों को अपनी खराब आर्थिक स्थिति के कारण अपने बच्चों को मजबूरन अन्य साधारण विद्यालयों में भेजना पड़ रहा है। देश में मौजूद इस दोहरी शिक्षा प्रणाली से समाज आपस में बंटता नजर आ रहा है। निकट भविष्य में इससे और बहुत सी समस्याएं उठ खड़ी होंगी।

▪ **आलोक प्रसाद नौटियाल**



## अन्य गतिविधियां

- उन्नीसवीं सदी के विख्यात हिमालयी अन्वेषक पंडित नैन सिंह रावत के अनूठे व्यक्तित्व व कृतित्व पर लोगों को सम्यक जानकारी मिल सके इस उद्देश्य से दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र द्वारा *एशिया की पीठ पर : पंडित नैन सिंह रावत* पुस्तक की २०० प्रतियां उत्तराखण्ड के चयनित राजकीय इण्टर कालेजों तथा समस्त राजकीय जिला पुस्तकालयों व राजकीय जिला शाखा पुस्तकालयों को प्रेषित की गयीं। दून पुस्तकालय की प्रबन्ध परिषद् के निर्णयानुसार *पहाड़* संस्था से क्रय करके ये पुस्तकें निशुल्क भेजी गयीं।

- दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र की पुस्तक चयन समिति द्वारा समय समय पर पुस्तकालय के लिये सामाजिक विज्ञान, इतिहास, मानव विज्ञान, विविध साहित्य व हिमालय से सम्बन्धित पुस्तकें चयनित की जाती हैं। इस सन्दर्भ में दिनांक २८ अप्रैल व २५ जुलाई २००८ को दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र में देहरादून व कुछ बाहर से आये बुकसेलरों व पब्लिशर्स द्वारा लगाये गये पुस्तकों के स्टाल से पुस्तकालय के लिये महत्वपूर्ण पुस्तकें चयनित की गयीं।

- राज्य स्थापना दिवस सप्ताह समारोह के तहत विगत वर्ष दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र की ओर से संस्थान के परिसर में दिनांक १२ से १४ नवम्बर २००७ तक हिमालय पर केन्द्रित पुस्तक व चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भुवन चन्द्र खंडूरी द्वारा किया गया। स्थानीय नगरवासियों, पुस्तक प्रेमियों व कला प्रेमियों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। हिमालय पर केन्द्रित तमाम विषयों की पुस्तकें व कलाकारों के चित्र लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहे।

# व्याख्यान



**व्याख्यान** : "कन्जरवेशन ऑफ रिवर्स इन उत्तराखण्ड"

**वक्ता** : डॉ० रवि चोपड़ा, निदेशक लोक विज्ञान संस्थान

**स्थान** : एम०के०पी०(पी०जी०) कालेज, न्यू रोड, देहरादून।

**दिन** : २९ नवम्बर २००८

**समय** : अपराह्न ३.००–५.०० बजे

दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र द्वारा दिनांक २९ नवम्बर २००८ को एम०के०पी०(पी०जी०) कालेज के सभागार में "कन्जरवेशन ऑफ रिवर्स इन उत्तराखण्ड" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। लोक विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ० रवि चोपड़ा इस व्याख्यान के वक्ता थे। डॉ० रवि चोपड़ा का कहना था कि उत्तराखण्ड की नदियों में जगह–जगह जो बांध बनाये जा रहे है उससे नदियों के जीवन पर खतरा मंडराने लगा है, समय रहते यदि इसके संरक्षण की दिशा में समुचित कदम नहीं उठाये गये तो इसके घातक परिणाम सामने आयेंगे।

स्लाइड शो के माध्यम से उन्होंने उत्तराखण्ड की नदियों की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करते हुए जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण कार्यों से नदियों पर पड़ने वाले तमाम दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से हिमालय के पर्यावरण को क्षति पहुंच रही है। डॉ० रवि चोपड़ा का कहना था कि पहाड़ों में बांध बनने के दौरान कम्पनियों द्वारा सड़कों और सुरंगों को बनाने के लिए पेड़ों का अत्यधिक कटान और विस्फोटकों का प्रयोग किया जाता है जिससे हिमालय के संवेदनशील पहाड़ों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने बांध विस्थापितों को पूरी तरह पुर्नवासित किये जाने और विद्युत परियोजनाओं में स्थानीय समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने की भी वकालत की।

डॉ० चोपड़ा ने कहा की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक दृष्टि से नदियों की हमारे समाज में बहुत उपयोगिता है। प्राचीन समय से ही समाज की इन नदियों पर गहरी श्रद्धा व आस्था रही है। हमें नदियों का सिर्फ दोहन ही नहीं करना होगा अपितु इसके संरक्षण के लिये तमाम कारगर उपाय भी अमल में लाने होंगे। नदियों का बरबाद होना हम सबकी बरबादी है।

दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के निदेशक डॉ० बी०के० जोशी ने व्याख्यान से पूर्व सम्बोधन में कहा कि हिमालय से जुडे तमाम ज्वलंत मुद्दों पर बहस के लिए समय–समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन दून पुस्तकालय द्वारा किया जा रहा है। व्याख्यान के दौरान पुस्तकालय के सदस्य, जिज्ञासु पाठक, शिक्षाविद्, गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि, छात्र तथा विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




**A Unique Idea: Gift a Membership**

How many times have we been stuck for an idea to buy a suitable gift for a birthday or any other occasion, which is useful, likely to be appreciated and also not burn too big a hole in our pockets? Impossible you say? Well not quite. Just gift a year's membership to our library! This gift will be especially appreciated by all book lovers. It costs less than the price of one book that we would normally gift, but provides a whole year's supply of good books. One of our members, Ms. Neera Chandiram informs us that this is precisely what she has been doing for sometime now. She has already gifted membership of the library to three of her friends. We thank her for this wonderful idea and urge all our members to give it a try. You cannot go wrong with this gift idea. A truly win-win idea.

Himadri is published quarterly by Dr B K Joshi on behalf of Doon Library & Research Centre,
21 Parade Ground, Dehradun 248001, Uttarakhand and printed at Shiva Offset Press, Dehra Dun.
Ph: +91 135 2711485; Fax: +91 135 2713065; E-mail: doonlib@yahoo.co.in; Website: www.doonlibrary.org